## Export Oriented Handloom Project in Himachal Pradesh

*879. SHRI DURGA CHAND: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) what is the progress made under the export oriented handloom project sponsored by the Central Government in each district of Himachal Pradesh;

(b) what is the number of weavers inducted so far under the scheme in each district of Himachal Pradesh; and

(c) whether any training has been imparted to the weavers under the project on various aspects of the handloom industry?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI GEORGE FERNANDES): (a) to (c). The Government of India had sanctioned an Export Oriented-*cum*-Intensive Handloom Development Project for the State of Himachal Pradesh with a total financial outlay of Rs. 66 lacs to cover 1000 looms over a period of five years. A sum of Rs 10 lacs was paid to the State Government as initial release during 1976-77 for the implementation of this project. The Project commenced functioning in March, 1977. The Project covers seven districts of Himachal Pradesh. By January, 1978, Training centre at Simla had started functioning. Out of a total of one thousand looms, 150 looms have been modernised. The Design Development Centre at Simla produced 25 designs by January, 1978. Action has also been initiated for setting up of a Dye-*cum*-Finishing Plant at Bilaspur through the Himachal Pradesh P.W.D.

श्री दुर्गा चन्द : क्या माननीय मंत्री महोदय, यह बताने की कृपा करेंगे कि हिमाचल प्रदेश के लिए जो आपने एक्सपोर्ट ओरियेन्टेड कम इंटेंसिव हैन्डलूम डेवेलपमेंट प्रोजेक्ट सैंक्शन किया है, ऐसे कितने प्रोजेक्ट्स आपने दूसरी स्टेट्स के लिए सैंक्शन किये हैं ? यह भी बताने की कृपा करें कि इन प्रोजेक्ट्स मे एक्सपोर्ट के लिए जो प्रोडक्शन होगा, उस प्रोड्यूस के लिए मार्केटिंग का इन्तजाम करने का भी क्या मंत्री जी आश्वासन देंगे। इन प्रोजेक्ट्स मे जो चीजें प्रोड्यूस होंगी उनके लिए कोई मार्केटिंग का इन्तजाम भी होगा या नही होगा ? मै जानना चाहता हूं कि क्या दूसरी स्टेट्स के लिए भी इस किस्म की प्रोजैक्ट्स सेंक्शन हुई हैं और कितनी उनकी फाइनेंशियल आउटले है और निर्यात के लिए जो माल तैयार होगा उसकी मार्कटिंग का क्या इन्तजाम होगा ?

श्री जार्ज फर्नान्डिस जहां तक हिमाचल की इस प्रोजैक्ट का सवाल है हिमाचल प्रदेश की सरकार के हैण्डीक्राफ्ट्स एण्ड हैंडलूम कारपोरेशन के माध्यम से इसको अमल मे लाने का काम चल रहा है। पाच साल की यह योजना है। 66 लाख रुपया खर्च हो रहा है। अन्य राज्यो के बारे मे जो जानकारी माननीय सदस्य ने चाही है उसके लिए मुझे नोटिस चाहिये।

SHRI VASANT SATHE: Is it concerned with marketing?

SHRI GEORGE FERNANDES: It is concerned with marketing and the development of the entire project over a period of five years, for which Rs. 66 lakhs has been allotted.

श्री दुर्गा चन्द : आपने कहा है कि हिमाचल का जो हैण्डलूम कारपोरेशन है उसके जरिये एक्सपोर्ट का इन्तजाम किया जाएगा। मैं नही समझता हूं कि वह कारपोरेशन इस किस्म के एक्सपोर्ट की लायाबिलिटी ले सकता है। ऐसी अवस्था में गवर्नमेंट आफ

इण्डिया क्या कोई इन्तजाम करेगी? यह जो प्रोजैक्ट सैंक्शन हुआ है हिमाचल के लिए क्या इसको कोई प्रोटैक्शन भी आपने देना शुरू किया है? आज तक डिजाइन के बारे में भी क्या कुछ प्रगति हुई है?

**श्री जार्ज फर्नान्डिस:** शिमला मे एक प्रोडक्शन कम ट्रेनिंग सैंटर शुरू हुआ था जनवरी 78 में, यानी साल के पहले महीने में। उसके बाद जो जानकारी अभी मेरे पास आई है उससे पता चलता है कि और चार जिलों में ये ट्रेनिंग सैटर शुरू हुए हैं। पच्चीस डिजाइन्ज इन लोगों ने बनाए हैं। जो डाइंग कम फिनिशिंग सैंटर बनाना है बिलासपुर में उसके लिए अभी राज्य सरकार जमीन वगैरह की बात कर रही हैं। जहां तक मार्किटिंग का सवाल है हैण्डलूम कारपोरेशन जो प्रदेश का है और आल इण्डिया हैण्डलूम बोर्ड है इन दोनो का आपस में रिश्ता रहता है और उसी तरह से निर्यात का जहां तक ताल्लुक है अखिल भारतीय स्तर पर जो संस्थायें है उनके साथ इन राज्यो की इस प्रकार की संस्थाओं का रिश्ता रहता है और उनके माध्यम से निर्यात का काम हो जाता है। कोई झंझट नही है। पांच साल की यह योजना है। पांच साल में अमल मे यह आवे हम को इसी चीज की असल मे फिक्र है।

**SHRI VASANT SATHE:** I would like to know from the hon. Minister whether it has been found that the 25 designs of handlooms which have been made by this Institute in Himachal Pradesh could be usefully utilised throughout the country for modernising the handlooms. Instead of completely eliminating the handlooms from the power looms, if you could modernise them with the help of these designs, it would help a great deal the whole handloom industry in the country. Therefore, may I know whether any such pilot experiment has been made and whether such an attempt is being made to have a plan for modernising the handlooms of the country with improved technological and mechanical devices.

I would also like to know, while talking of exports through the export corporation, whether you have an assured market or a market survey has been made. I am told that handloom goods are becoming quite popular abroad. So, I would like to know whether even for this corporation there is already an assured market abroad and whether that has been studied.

**SHRI GEORGE FERNANDES:** So far as the designs are concerned, our problem is not really of design. The National Institute of Designs, Ahmedabad, is engaged in going in for a large number of designs, and each State has its own unique designs which institutes and organisations connected with handlooms keep on improving upon. Most certainly the designs developed in this Institute can be used elsewhere if they are found useful by other States which are also concerned with the production of handlooms, through their corporations.

Regarding marketing, it is true that there is a very large market for our handloom textiles abroad, but then all exports are governed by a number of tariffs and other restrictions which the importing countries invariably lay down. In fact, in our textile exports we have been facing this restriction in the last one year particularly. But there is no problem in finding the market for the handlooms both inside the country and outside. In fact, in the course of the next five years our efforts are to increase the handloom production in the country from 2500 million metres which was the production in the current year, to about 3700 million metres in five years from today. We shall try to achieve this target.

**चौधरी बलबीर सिंह:** क्या मन्त्री महोदय बतायेंगे कि पश्मीना शाल की जो

हैण्डलूम इंडस्ट्री थी वह पशमीना पहले तिब्बत के बोर्डर से आता था जिसकी अब बहुत कमी हो गई है और उसकी वजह मे पशमीना शाल इण्डस्ट्री को बहुत नुक्सान पहुंचा है। तो पशमीना वहा के लोगो को मिल सके और उसके लिये इन्तजाम हो सके चाहे अच्छे किस्म की भेंड मगाकर या बाहर से पशमीना मंगाकर ताकि वहा के लोग जो हैण्डलूम मे माहिर मे और मारे देश मे हिमाचल प्रदेश की शालें मशहूर थी, उस उद्योग मे जो कमी आ गई है उसको पूरा करने के लियें आप क्या इन्तजाम कर रहे है ?

**श्री जार्ज फर्नानडिस :** अगर माननीय सदस्य कोई सुझाव पेश करे भेडो की सख्या बढाने के लिये या उनको पकडने के लिये तो हम जरूर विचार करेगे।

**चौधरी बलबीर सिह :** भेडे बाहर से आ सकती है, पकड कर नही लायी जा सकती हैं। पकड कर लाने से जब झगडा हुआ तो गडबड हो गई थी। तो बाहर के मुल्को से आप मगवाकर दे। अगर लोगो ने पकड कर लाना शुरू किया तो झगडा हा जायगा।

SHRI VAYALAR RAVI· Handlooms is the largest industry in the rural sector Even in Kerala, Tamil Nadu, Karnataka and many other places, there is acute shortage of yarn and the price of the yarn is double The Minister has now made a welcome statement that the production of handlooms will go up from 2500 million metres to 3700 million metres. But I want to know, what were the concrete steps that you have taken to achieve this target? The poor handloom weavers are at present facing the crisis of scarcity of yarn and increased price of the yarn The yarn is coming from the powerloom sector. This is a very serious problem.

SHRI GEORGE FERNANDES: This point was raised earlier also and I had made a statement at that time. Subsequently, we have made enquiries also. But there is no specific complaint about the excessive price of yarn. There are some seasonal fluctuations that take place but basides that, there is no camplaint. If any specific complaint is brought to our notice, we shall see that effective steps are taken so that the yarn reaches all those areas

**श्री लालू प्रसाद :** मत्री जी को इस बात का पता है कि इस देश मे हजारो हथकरघे जिसम देश के हुनर जानने वाले गरीब लोग काम करते हैं, पूंजी और सूत के अभाव मे उनका हथकरघे का काम बन्द है। तो मत्री जी

**अध्यक्ष महोदय :** यह हिमाचल प्रदेश का सवाल है।

**श्री लालू प्रसाद :** जो हथकरघे बन्द हैं उनको मदद देन के लिए आपने कोई योजना बनायी है ?

MR SPEAKER It does not arise.

SHRI N SREEKANTA NAIR· The name of our handloom products is being tarnished by powerloom

MR SPEAKER That question does not arise

SHRI S R DAMANI What are the specific qualities which are reserved for production in handloom sector?

MR SPEAKER That does not arise.

**Power Shedding by D.E.S.U.**

*881. SHRI YASHWANT BOROLE: Will the Minister of ENERGY be pleased to state: